## 14. समान अर्थ वाले शब्द ( समानार्थी )

जिस प्रकार हिंदी भाषा में उलटे अर्थ वाले शब्द होते हैं उसी प्रकार एक वस्तु के अनेक नाम भी होते हैं। इस प्रकार एक वस्तु को भिन्न-भिन्न नामों से भी जाना जाता है पर उसके अर्थ में कोई बदलाव नहीं आता। ऐसे शब्द समान अर्थ वाले शब्द कहलाते हैं।

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका पाठ पृष्ठ पर दिए शब्दों की सहायता से बच्चों को समान अर्थ वाले शब्दों से अवगत करवाएँ।
- ❖ चित्र दिखाकर वस्तु का नाम पूछें, फिर बताएँ इसे और किस नाम से जाना जाता है। जैसे– पहाड़ को पर्वत भी कहते हैं। चाँद का एक अन्य नाम चंद्रमा भी है आदि।
- ❖ चित्र दिखाते हुए शब्दों को पढ़वाएँ।
- ❖ बच्चों से पूछें, क्या वे भी ऐसे कुछ अन्य शब्द जानते हैं जिनका कोई दूसरा नाम भी हो।
- ❖ बीच-बीच में अन्य शब्दों के माध्यम से तथा बातचीत के द्वारा बच्चों की पाठ के प्रति रोचकता को बनाए रखें।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाते समय यथोचित सहायता आवश्यक है।